मुख्यालय
Headquarters
कर्मचारी राज्य बीमा निगम
Employees' State Insurance Corporation
(ISO 9001-2008 certified)
पंचदीप भवन, सीआईजी रोड, नई दिल्ली-110002
Panchdeep Bhawan, CIG Road, New Delhi-110002

सं. ई-13/12/1/2020-जनसंपर्क दिनांक : 25.02.2020

# प्रेस प्रकाशनी

1. कर्मचारी राज्य बीमा निगम के स्थापना दिवस के अवसर पर दिनांक 24.02.2020 से दिनांक 10.03.2020 तक विशेष सेवा पखवाड़े का प्रारंभ
2. दो क.रा.बी.निगम अस्पतालों का पुन: नामकरण की घोषणा
3. श्रेष्ठ क.रा.बी.निगम/क.रा.बी.योजना चिकित्सा स्थापनाओं/कार्यालयों को पुरस्कार

कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने दिनांक 24.02.2020 को अपना स्थापना दिवस मनाया और इस तिथि से शुरू करते हुए दिनांक 24.02.2020 से दिनांक 10.03.2020 तक विशेष सेवा पखवाड़ा प्रारंभ किया गया। यह कार्यक्रम नई दिल्ली में दिनांक 24.02.2020 को एनडीएमसी के कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया। श्री संतोष कुमार गंगवार, माननीय श्रम राज्य मंत्री, श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार तथा अध्यक्ष क.रा.बी.निगम समारोह के मुख्य अतिथि थे।

श्री हीरालाल सामरिया, भारतीय प्रशासनिक सेवा, सचिव, श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार, श्री राजकुमार, भारतीय प्रशासनिक सेवा, सचिव, उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय, श्रीमती अनुराधा प्रसाद, महानिदेशक, क.रा.बी.निगम, श्रीमती सिबानी स्वेन, अपर सचिव, श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार, श्रीमती संध्या शुक्ला, वित्तीय आयुक्त, क.रा.बी.निगम, क.रा.बी.निगम, सदस्य, क.रा.बी.निगम हितलाभार्थी और क.रा.बी.निगम तथा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी समारोह में उपस्थित थे।

श्री संतोष कुमार गंगवार ने घोषणा की कि क.रा.बी.निगम अस्पताल, बसईदारापुर, नई दिल्ली का नाम बदलते हुए साहिब सिंह वर्मा, क.रा.बी.निगम अस्पताल, बसईदारापुर, नई दिल्ली और क.रा.बी.निगम आयुष अस्पताल, नरेला का नाम बदलते हुए पद्मविभूषण बृहस्पतिदेव त्रिगुणा, क.रा.बी.निगम आयुष अस्पताल, नरेला, नई दिल्ली किया जा रहा है। बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नए अस्पतालों को स्थापित किया गया है और विद्यमान अस्पतालों का नवीनतम चिकित्सा उपकरणों तथा सुविधाओं से नवीकरण और आधुनिकीकरण किया गया है।

उन्होंने यह घोषणा भी की कि क.रा.बी.निगम हितलाभार्थियों के हित के लिए 'संतुष्ट' मोबाइल ऐप शीघ्र ही लाई जा रही है। उन्होंने इसके साथ ही क.रा.बी.निगम के सभी कर्मियों से संगठन को सही अर्थों में एक सेवा प्रदाता बनाने के लिए अपील की जिससे क.रा.बी.निगम के हितलाभार्थियों के जीवन में गुणात्मक सुधार किया जाना शीघ्र प्राप्त किया जा सके।

श्री गंगवार ने वर्ष 2019 के दौरान श्रेष्ठतम क.रा.बी.निगम/क.रा.बी.योजना औषधालयों/अस्पतालों/चिकित्सा संस्थानों/ कार्यालयों के चिकित्सा और गैर-चिकित्सा सेवा श्रेणियों में बीमाकृत व्यक्तियों और हितलाभार्थियों को क.रा.बी.योजना, के तहत शानदार सेवाएं निष्पादित करने के लिए पुरस्कृत किया। इसके साथ ही, इस अवसर पर क.रा.बी.योजना के तहत व्याप्त दिल्ली एनसीआर के 08 बीमाकृत व्यक्तियों/हितलाथार्थियों का अभिनंदन किया गया। उन्होंने क.रा.बी.निगम के हितलाभार्थियों और सभी पुरस्कृतों को बधाई दी।

श्री हीरालाल सामरिया, सचिव, श्रम और रोजगार, भारत सरकार ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले 05 वर्षों के दौरान क.रा.बी.निगम के कई नई पहल की है। उन्होंने यह भी कहा कि क.रा.बी.योजना को विस्तार प्रदान करने हेतु नियोक्ताओं का मासिक अंशदान 4.75% से घटाकर 3.25% और कर्मचारियों का अंशदान 1.75% से घटाकर 0.75% कर दिया गया है।
सभा को संबोधित करते हुए श्री राजकुमार, भा.प्र.से., सचिव, रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने महानिदेशक, क.रा.बी.निगम के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान हुए अनुभवों को साझा किया और यह कामना की कि क.रा.बी.निगम की बीमाकृत व्यक्तियों और उनके लाभार्थियों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य करते रहना चाहिए।

सुश्री अनुराधा प्रसाद, महानिदेशक, क.रा.बी.निगम ने अपने वक्तव्य में कहा कि क.रा.बी.निगम पूरे भारत में अपने सभी क.रा.बी.निगम/क.रा.बी.योजना औषधालयों/अस्पतालों/चिकित्सा संस्थानों और कार्यालयों में दिनांक 24.02.2020 से 10.03.2020 तक विशेष सेवा पखवाड़ा का आयोजन कर रहा है। पखवाड़े के दौरान, दैनिक स्वास्थ्य जांच शिविर, बीमाकृत व्यक्तियों और चैनल पार्टनरों के लंबित बिलों के निपटान के लिए विशेष शिविर तथा मृत्यु/नि:शक्तता के मामले में नकद हितलाभ, लोक शिकायतों का निपटान, सभी क.रा.बी.निगम अस्पतालों में मॉक फायर ड्रिल (**Mock fire drill**) का आयोजन किया जाएगा।

डॉ. आर.के.कटारिया, चिकित्सा आयुक्त, क.रा.बी.निगम ने वर्तमान, पहलों तथा 'विशेष सेवा पखवाड़ा' के दौरान शुरू की जाने वाली गतिविधियों पर प्रस्तुतीकरण दिया तथा प्रोफेसर डॉ. एम.श्रीनिवास, संकायाध्यक्ष, क.रा.बी.निगम चिकित्सा महाविद्यालय तथा अस्पताल, सनतनगर, हैदराबाद, तेलंगाना ने समारोह के दौरान 'संतुष्ट' मोबाइल ऐप पर प्रस्तुतीकरण दिया।

श्री संध्या शुक्ला, वित्त आयुक्त ने समारोह में भाग लेने वाले मंत्रालय/क.रा.बी.निगम के सभी गणमान्य व्यक्तियों, वरिष्ठ अधिकारियों, बीमाकृत व्यक्तियों, लाभार्थियों, सदस्यों, क.रा.बी.निगम मीडिया तथा सभी पणधारियों का धन्यवाद किया।

## <u>भारत में क.रा.बी.योजना</u>

कर्मचारी राज्य बीमा निगम व्यापक सामाजिक सुरक्षा हितलाभ जैसे उचित चिकित्सा देखभाल और रोजगार चोट, बीमारी, मृत्यु इत्यादि जैसी आवश्यकता के समय नकद हितलाभों की एक श्रृंखला उपलब्ध कराने वाला एक प्रमुख सामाजिक सुरक्षा संगठन है। क.रा.बी.अधिनियम उन भवनों/ परिसीमाओं पर लागू होती है जहाँ 10 अथवा अधिक व्यक्ति नियोजित हैं। प्रतिमाह 21,000/- रुपए का वेतन आहरित करने वाले कर्मचारी क.रा.बी.अधिनियम के अंतर्गत स्वास्थ्य बीमा कवर और अन्य हितलाभों के हकदार हैं।

क.रा.बी.निगम ने दिनांक 24 फरवरी, 2020 को अपने संचालन एवं सेवाओं के 68 वर्ष पूरे किए हैं। निगम ने 1952 में केवल 2 केंद्रो दिल्ली एवं कानपुर से मात्र 25000 बीमाकृत व्यक्तियों के साथ आरंभ करते हुए एक लम्बा सफर तय किया है। आज, यह योजना श्रमिकों के 3.49 करोड़ परिवार एककों को व्याप्त कर रही है तथा अपने 13.56 करोड़ लाभार्थियों को अतुलनीय नकद हितलाभ तथा उचित चिकित्सा देखरेख उपलब्ध करा रही है। 1952 में, निगम के पास केवल 21 औषधालय थे और कोई भी क.रा.बी.अस्पताल नहीं था। आज, इसकी अवसंरचना में 1648 औषधालय/आयुष एककों तथा 159, क.रा.बी.अस्पताल, 793 शाखा/ भुगतान कार्यालय, 64 क्षेत्रीय एवं उप क्षेत्रीय कार्यालय के साथ बहुआयामी वृद्धि हुई है। आज क.रा.बी.योजना देश के 34 राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों में 566 जिलों में कार्यान्वित है।